**नाम ................................** **अनुक्रमांक ................**

# वार्षिक परीक्षा – 2025
## कक्षा – 9
## हिन्दी

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट]** **[ पूर्णांक : 70**

**नोट–** (i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।
(ii) प्रश्न-पत्र दो खण्ड 'अ' तथा खण्ड 'ब' में विभाजित है।
(iii) प्रश्न-पत्र के खण्ड 'अ' में बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिसमें सही विकल्प का चयन करके O.M.R. सीट पर नीले अथवा काले बाल प्वाइंट पेन से सही विकल्प वाले गोले को पूर्ण रूप से काला करें।
(iv) प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख उनके निर्धारित अंक दिए गए हैं।

### खण्ड-'अ' (बहुविकल्पीय प्रश्न)

1. **फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना कहाँ हुई थी ?** 1
(A) मुम्बई (B) दिल्ली (C) कोलकाता (D) चेन्नई

2. **भारतेन्दु युग के लेखक हैं ।** 1
(A) प्रताप नारायण मिश्र (B) सरदार पूर्ण सिंह
(C) महावीर प्रसाद द्विवेदी (D) प्रेमचन्द

3. **'इन्दुमती' कहानी के लेखक हैं।** 1
(A) जयशंकर प्रसाद (B) प्रेमचन्द
(C) रामचन्द्र शुक्ल (D) किशोरी लाल गोस्वामी

4. **'कविवचन सुधा' किस युग की पत्रिका है ?** 1
(A) शुक्ल युग (B) भारतेन्दु युग (C) शुक्लोत्तर युग (D) इनमें से कोई नहीं

5. **'भाषा योग वशिष्ठ' के लेखक हैं -** 1
(A) सदल मिश्र (B) सदासुख लाल
(C) राम प्रसाद निरंजनी (D) लल्लू लाल

6. **आदि काल को अन्य किस नाम से जाना जाता है ?** 1
(A) चारण काल (B) वीरगाथा काल (C) अपभ्रंश काल (D) उपर्युक्त सभी

7. **किस काल को हिन्दी काव्य का स्वर्ण युग कहा जाता है ?** 1
(A) आदि काल (B) भक्तिकाल (C) रीतिकाल (D) आधुनिक काल

8. 'परमाल रासो' के रचयिता हैं - 1
(A) नरपति नाल्ह (B) दलपति विजय (C) भट्ट केदार (D) जगनिक

9. संत काव्य धारा के कवि नहीं हैं- 1
(A) कबीर (B) रैदास (C) कुतबन (D) दादू दयाल

10. 'विनय पत्रिका' के रचयिता हैं - 1
(A) सूरदास (B) कबीरदास (C) तुलसीदास (D) मलिक मोहम्मद जायसी

P.T.O.

'निसि-दिन बरसत नैन हमारे' में कौन-सा रस है ? 1
(A) संयोग शृंगार (B) वियोग शृंगार (C) वीर रस (D) इनमें से कोई नहीं

'चारु चन्द्र की चंचल किरणें, खेल रही हैं जल थल में' कौन सा अलंकार है ? 1
(A) अनुप्रास (B) यमक (C) श्लेष (D) उपमा

किस छन्द के प्रत्येक चरण में 16-16 मात्राएँ होती हैं ? 1
(A) दोहा (B) चौपाई (C) सोरठा (D) रोला

'महादेव' में सन्धि है - 1
(A) दीर्घ सन्धि (B) यण सन्धि (C) गुण सन्धि (D) वृद्धि सन्धि

'पुस्तकालय' में कौन-सा समास है ? 1
(A) कर्मधारय (B) अव्ययी भाव (C) द्विगु (D) तत्पुरुष

कृतज्ञ का विलोम हैं- 1
(A) यज्ञ (B) विज्ञ (C) सर्वज्ञ (D) कृतघ्न

'गंगा' का पर्यायवाची नहीं हैं- 1
(A) भागीरथी (B) सुरसरि (C) मंदाकिनी (D) कालिन्दी

'हरि' शब्द का तृतीया एकवचन रूप है- 1
(A) हरिम् (B) हरया (C) हरये (D) हरेः

मक्षिका का तत्सम रूप हैं- 1
(A) मोती (B) मधुमक्खी (C) मक्खी (D) भौंरा

कैसा निखरा स्वर है ! में प्रयुक्त विराम चिह्न है- 1
(A) उद्धरण (B) प्रश्न वाचक (C) योजक (D) विस्मयादि बोधक

## (खण्ड-'ब')

21. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**(क)** सोनजुही में आज एक पीली कली लगी है। उसे देखकर अनायास ही उस छोटे जीव का स्मर
तब मुझे कली की खोज रहती थी, पर आज उस लघु प्राणी की खोज है।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का संदर्भ लिखिए। 2

(ii) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए। 2

(iii) 'अनायास' और 'लघुप्राणी' में कौन-सा समास है। 2

**अथवा**

**(ख)** दुनिया में दो अमोघ शक्तियाँ हैं- शब्द और कृति। इसमें कोई शक नहीं कि 'शब्दों ने सारी पृथ्वी को हिला दिया है'। किन्तु अन्तिम शक्ति तो 'कृति' की है। महात्मा जी ने इन दोनों शक्तियों की असाधारण उपासना की है। कस्तूरबा ने इन दोनों शक्तियों में से अधिक श्रेष्ठ शक्तिकृति की नम्रता के साथ उपासना करके संतोष माना और जीवन सिद्धि प्राप्त की।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का संदर्भ लिखिए। 2

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए। 2

(iii) 'संतोष' और 'नम्रता' का विलोम शब्द लिखिए। 2

**दिए गये पद्यांश पर आधारित तीनों प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(क)** सखि आयो बसंत रितुन को कंत, चहूँ दिसि फुलि रही सरसों।
बर सीतल मंद सुगंध समीर सतावन हार भयो गर सों॥
अब सुंदर साँवरो नंद किसोर कहैं 'हरिचंद' गयो घर सों।
परसों को बिताय दियो बरसों तरसों कब पॉय पिया परसों॥

(i) प्रस्तुत पद्यांश का संदर्भ लिखिए। 2

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए। 2

(iii) 'सरसों' का तत्सम शब्द लिखिए। 2

**अथवा**

चारु चन्द्र की चंचल किरणें खेल रही हैं जल-थल में,
स्वच्छ चाँदनी बिछी हुई है अवनि और अम्बर तल में।
पुलक प्रकट करती है धरती हरित तृणों के नोकों से,
मानो झूम रहे हैं तरु भी मन्द पवन के झोंकों से।

(i) प्रस्तुत पद्यांश का संदर्भ लिखिए। 2

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए। 2

(iii) 'चारु चन्द्र की चंचल किरणें' में कौन-सा अलंकार है ? 2

**नीचे दिए गये संस्कृत गद्यांश में से किसी एक का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए। 1+3=4**

**(क)** "परमहंसस्य रामकृष्णस्य जीवनचरितं धर्माचरणस्य प्रायोगिकं विवरणं विद्यते। तस्य जीवनम् अस्मभ्यम् ईश्वरदर्शनाय शक्तिं प्रददाति। तस्य वचनानि न केवलं कस्यचित् नीरसानि ज्ञानवचनानि अपितु तस्य जीवन-ग्रन्थस्य पृष्ठानि एव। तस्य जीवनम् अहिंसायाः मूर्तिमान् पाठः विद्यते।"

**अथवा**

सदाचारः नाम नियमसंयमयोः पालनम्। इन्द्रियसंयमः सदाचारस्य मूले तिष्ठति। इन्द्रियसंयमः युक्ताहारविहारेण युक्तस्वप्नावबोधेन च सम्भवति। किं युक्तं किम् अयुक्तम् इति सदाचारेण निर्णयैतुं शक्यते।

**(ख) दिए गए संस्कृत पद्यांश में से किसी एक का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए।** 1+3=4

वरमेको गुणी पुत्रो न च मूर्खशतैरपि।
एकश्चन्द्रस्तमो हन्ति न च तारागणैरपि॥

**अथवा**

बुद्धिमान् नीतिमान् वाग्मी श्रीमाँच्छत्रुनिबर्हणः।
विपुलांसो महाबाहुः कम्बुग्रीवो महाहनुः॥

**'दीपदान' एकांकी के आधार पर पन्नाधाय का चरित्र-चित्रण कीजिए।** 5

**अथवा**

लक्ष्मी का स्वागत एकांकी का सारांश लिखिए।

**(क) दिए गए लेखकों में से किसी एक का जीवन परिचय देते हुए उनकी एक प्रमुख रचना लिखिए।** 1+3=4

(i) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी (ii) महादेवी वर्मा (iii) धर्मवीर भारती

**(ख) दिए गए कवियों में से किसी एक का जीवन परिचय देते हुए उनकी एक प्रमुख रचना का उल्लेख कीजिए।** 1+3=4

(i) मैथिलीशरण गुप्त (ii) जयशंकर प्रसाद (iii) कबीर दास

**अपनी पाठ्य पुस्तक से कण्ठस्थ कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न पत्र में न आया हो।** 3

**निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर संस्कृत में दीजिए।** 2+2=4

(i) क्रोधं केन जयेत् ? (ii) स्वामी विवेकानन्दः कस्य शिष्यः आसीत् ?
(iii) रामदासः कुत्र निवसति ? (iv) श्रीकृष्णः कः आसीत् ?

**निम्नलिखित में से किसी एक मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।** 1+1=2

(i) अंगूर खट्टे होना (ii) गागर में सागर भरना
(iii) घड़ों पानी पड़ना (iv) खून खौलना

**निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए।** 2+2=4

(i) हम सब विद्यालय जाते हैं। (ii) तुम यह पुस्तक पढ़ते हो।
(iii) वे सब कहाँ जाते हैं। (iv) घोड़ा वहाँ दौड़ता है।

**घर के विवाहोत्सव में सम्मिलित होने के लिए प्रधानाचार्य को अवकाश हेतु एक प्रार्थना पत्र लिखिए। 6**

**अथवा**

शहर की सफाई हेतु मुख्य नगर अधिकारी को पत्र लिखिए !

★ ★ ★ ★ ★